पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
———

राज्यपाल ने कुलपतियों को पत्र भेजा
उच्च शिक्षा में सुधार के लिये कदम उठाये जाये

लखनऊ : 06 अगस्त, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति, श्री राम नाईक ने उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार एवं सत्र को सुचारू रूप से चलाने हेतु कुलपतियों को पत्र भेजकर कहा है कि 31 जुलाई, 2014 के उपरान्त अघोषित परीक्षा परिणामों तथा नये सत्र में प्रवेश का विवरण उपलब्ध कराये। उन्होंने कहा कि परीक्षाएं समय से हो, परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किया जाय तथा दीक्षान्त समारोह निर्धारित समय पर आयोजित किये जाये। राज्य सरकार के पास विश्वविद्यालयों में नियुक्ति या वित्तीय अनुमोदन से संबंधित जो मांगे लम्बित है उन पर भी विचार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिन विश्वविद्यालयों में कार्यवाहक कुलपति काम कर रहे हैं, उनमें भी शीघ्र ही नियमित कुलपति नियुक्त किये जायेंगे जिससे वहां का शैक्षिक वातावरण और सुदृढ़ हो सके। इसके साथ ही उन्होंने सामान्य पाठ्यक्रम पर भी विचार करने का सुझाव दिया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों राज्यपाल ने प्रदेश के सभी 24 कुलपतियों/निदेशक से भेंट कर विचार–विमर्श किया था, जिसमें कुलपतियों ने विश्वविद्यालयों/संस्थान की प्रमुख गतिविधियों एवं महत्वपूर्ण उपलब्धियों तथा मुख्य समस्याओं की जानकारी दी थी।

कुलाधिपति ने कहा है कि विश्वविद्यालयों द्वारा कुलाधिपति कार्यालय में प्रगति रिपोर्ट के स्थान पर प्रत्येक माह की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ तथा आगामी माह हेतु प्रस्तावित गतिविधियों को सम्मिलित करते हुए प्रत्येक माह की 10 तारीख तक प्रेषित करते हुए अवगत कराये।

श्री नाईक ने यह भी कहा है कि सभी कुलपति अपने विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं को दो वर्गो में विभाजित करें। एक वह जो उत्तर प्रदेश शासन से संबंधित हो तथा दूसरा वह बिन्दु जो कुलाधिपति सचिवालय से संबंधित हो, को वर्गीकृत करते हुए एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराई जाये ताकि प्रकरणों के निस्तारण में गति लाई जा सके।

———

अंजुम/रा0/राजभवन